बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-754**
31/10/2026

भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती भव्य रूप से मनाई गई, उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई

पटना, 31 अक्टूबर 2026 :– भारत रत्न लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन पटेल चौक, चितकोहरा पुल के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल प्रतिमा प्रांगण में किया गया। मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमार, कृषि मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ0 दिलीप कुमार जायसवाल, सहकारिता मंत्री श्री राम कृपाल यादव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री रत्नेश सादा, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री श्री लखेन्द्र कुमार रौशन, विधायक श्री श्याम रजक, विधायक श्री संजीव चौरसिया, विधायक श्री संजय कुमार, बिहार राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष श्री रूपनारायण मेहता, पूर्व विधान पार्षद श्रीमती कुमुद वर्मा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने स्व0 सरदार वल्लभ भाई पटेल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन कीर्तन, राष्ट्रीय गीत, राष्ट्र गान, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

******